# राजस्थान समसामयिकी
# जनवरी, 2022
## (Current News From Daily News Papers)

# राजस्थान समसामयिकी जनवरी, 2022
# (Current News from Daily News Papers)

## News Paper of 1 January, 2022

- **राजस्थान में सौर ऊर्जा का दायरा लगातार बढ़ रहा है : प्रति वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 5.72 यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता–**

राजस्थान में सौर ऊर्जा से बिजली प्राप्त करने का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। राजस्थान में अब प्रति वर्ग मीटर क्षेत्रफल से 5.72 यूनिट बिजली उत्पादन की क्षमता हो गई है। इस आधार पर राजस्थान में वर्ष 2025 तक सोलर प्लांट की क्षमता 30 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य तय कर दिया गया है। सौर ऊर्जा के लिए राजस्थान इसलिए महत्त्वपूर्ण है–

- ♦ यहाँ 175 गीगावाट विंड एनर्जी की क्षमता है।
- ♦ 1.25 लाख हैक्टेयर भूमि उपलब्ध है।
- ♦ 142 गीगावाट सोलर एनर्जी की क्षमता है।
- ♦ 70 हजार मेगावाट क्षमता के प्लांट लग सकते हैं।
- ♦ विश्व का सबसे बड़ा सोलर पार्क राजस्थान के भड़ला में स्थापित।
- ♦ राजस्थान में सूर्य की किरणें वर्ष के 365 दिन में से लगभग 325 दिन तक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहती हैं, जो सौर ऊर्जा के लिए सबसे बेहतर है।
- ♦ राजस्थान में प्रतिदिन पवन ऊर्जा प्लांट से 150 लाख यूनिट तथा सौर ऊर्जा प्लांट से 225 लाख यूनिट बिजली उत्पादन हो रहा है।

**अक्षय ऊर्जा में राजस्थान की स्थिति**

**सौर ऊर्जा–**

| | | |
|---|---|---|
| ♦ राजस्थान | - पहले स्थान पर | – 9500 मेगावाट |
| ♦ कर्नाटक | - दूसरे स्थान पर | – 8069 मेगावाट |
| ♦ गुजरात | - तीसरे स्थान पर | – 6110 मेगावाट |

**विंड ऊर्जा–**

| | |
|---|---|
| ♦ तमिलनाडु | – पहले स्थान पर |
| ♦ गुजरात | – दूसरे स्थान पर |
| ♦ कर्नाटक | – तीसरे स्थान पर |
| ♦ महाराष्ट्र | – चौथे स्थान पर |
| ♦ राजस्थान | – पाँचवें स्थान पर |

**रूफटॉप सोलर–**

| | | |
|---|---|---|
| ♦ गुजरात | – पहले स्थान पर | – 1050 मेगावाट |
| ♦ कर्नाटक | – दूसरे स्थान पर | – 800 मेगावाट |
| ♦ राजस्थान | – तीसरे स्थान पर | – 612 मेगावाट |

- **मुख्यमंत्री युवा संबल योजना शुरु हुई–**

1 जनवरी, 2022 से राजस्थान में मुख्यमंत्री युवा संबल योजना शुरू हुई। इस नई योजना के तहत बेरोजगारों को अब एक हजार रुपये अधिक (पुरुषों को ₹4000 तथा महिलाओं, ट्रांसजेंटरों एवं दिव्यांगों को ₹4500) मिलेंगे।

इस योजना के तहत बेरोजगारों को सरकारी विभाग में प्रतिदिन 4 घंटे कार्य करना होगा और उन्हें स्किल कोर्स का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

- **बीकानेर के गुढ़ा में लिग्नाइट आधारित थर्मल पावर प्लांट बनेगा–**

राजस्थान के बीकानेर के गुढ़ा में लिग्नाइट आधारित नया थर्मल पावर प्लांट लगाया जाएगा। इससे सस्ती बिजली मिल सकेगी। यह प्लांट 125-135 मेगावाट क्षमता के लगभग होगा।

- **कवि-साहित्यकार मीठेस निर्मोही को साहित्य अकादमी पुरस्कार देने की घोषणा–**

कवि-साहित्यकार मीठेस निर्मोही को इस वर्ष का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिलेगा। उनके राजस्थानी काव्य 'मुगती' को प्रतिष्ठित वार्षिक साहित्य अकादमी पुरस्कार के लिए चुना गया है।

मीठेश निर्मोही को वर्ष 2020-21 का मातुश्री कमला गोयनका राजस्थानी साहित्य पुरस्कार भी प्रदान किया गया था। राजस्थान साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चन्द्रशेखर कम्बार हैं।

## News Paper of 2 January, 2022

- **राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 'इंदिरा रसोई योजना' में राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान राशि ₹12 से बढ़ाकर ₹17 किया गया–**

राजस्थान सरकार द्वारा संचालित 'इंदिरा रसोई योजना' में राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान राशि को ₹12 से बढ़ाकर ₹17 किया गया है। अब भी इंदिरा रसोई में भोजन की दर लाभार्थी के लिए ₹8 की ही होगी। जो कि निम्न प्रकार से है–

| | |
|---|---|
| इंदिरा रसोई योजना में भोजन थाली की दर | – ₹25 प्रति |
| राज्य सरकार द्वारा देय अनुदान/वहन राशि | – ₹17 प्रति |
| लाभार्थी को भोजन थाली मिलेगी | – ₹8 प्रति |

राज्य सरकार द्वारा अनुदान राशि खाद्य पदार्थों एवं घरेलू गैस की कीमतों में वृद्धि होने से बढ़ाई गई है।

वर्तमान में राजस्थान में 358 इंदिरा रसोई चलाई जा रही हैं।

- **चौदहवें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत होने वाली फिल्मों की सूची जारी की गई–**

1 जनवरी, 2022 को चौदहवें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में पुरस्कृत होने वाली फिल्मों की सूची जारी की गई। इसके तहत 14 विभिन्न श्रेणियों की 127 फिल्में पुरस्कृत

की जाएंगी। राजस्थान की निम्न फिल्मों को अवॉर्ड मिला– बेस्ट शॉर्ट फिक्शन फिल्म का अवॉर्ड आनन्द सिंह चौधरी द्वारा निर्देशित 'वाशिंग मशीन', गजेन्द्र क्षोत्रिय द्वारा निर्देशित 'लाठी' और राघव तिवाड़ी द्वारा निर्देशित 'द मेकअप आर्टिस्ट' को मिला।

## News Paper of 5 January, 2022

- **ग्राम पंचायतों को भूमि आवंटन अब कलेक्टर करेंगे : विकास प्राधिकरण एवं यूआईटी नहीं कर सकेंगे–**
जनवरी, 2022 में नगरीय विकास विभाग की जारी अधिसूचना के अनुसार ग्राम पंचायतों को भूमि आवंटन का अधिकार अब कलेक्टर के पास आ गया है। पहले ये अधिकार विकास प्राधिकरण एवं जेडीए के पास थे।
इसके तहत ग्राम पंचायतों के आबादी क्षेत्र से लगती ऐसी भूमि जिस पर आबादी बस चुकी है, उसका आवंटन संबंधित जिला कलेक्टर कर सकेंगे।

## News Paper of 6 January, 2022

- **राजस्थान के चूरू, करौली और सवाई माधोपुर जिले में पोटाश के भण्डार मिले–**
हाल ही में राजस्थान के चूरू, करौली और सवाई माधोपुर जिले में पोटाश के भण्डार मिले हैं।
- **जोधपुर में 108 बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू–**
दिसम्बर, 2021 में जोधपुर में प्रदेश की पहली 108 बाइक एंबुलेंस सेवा शुरू की गई। यह 108 बाइक एंबुलेंस सेवा उन स्थानों पर भी तुरंत इमरजेंसी केयर सुविधा उपलब्ध करवा रही है जहाँ एंबुलेंस नहीं जा सकती। जोधपुर में यह सेवा चिकित्सा विभाग की पहल के तहत पहली बार शुरू की गई है। बाद में इसे जयपुर सहित अन्य जिलों में भी शुरू किया जाएगा।

## News Paper of 7 January, 2022

- **जल जीवन मिशन के तहत ₹6872 करोड़ की पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी दी गई–**
6 जनवरी, 2022 को केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने राजस्थान में चल रहे जल जीवन मिशन के तहत 3213 गाँवों के लिए ₹6872 करोड़ की पेयजल परियोजनाओं को मंजूरी दी।
राजस्थान में जल जीवन मिशन के तहत वर्ष 2024 तक 84 लाख घरों में नल से पानी पहुँचाने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार दोनों सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

## News Paper of 8 January, 2022

- **नागौर को 24वाँ राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस अवॉर्ड मिला–**
जनवरी, 2022 में नागौर के सिलिकोसिस केयर अभियान को 24वां नेशनल ई-गवर्नेंस अवॉर्ड दिया गया।
यह अवॉर्ड केन्द्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री ने प्रदान किया।

## News Paper of 10 January, 2022

- **कोविड-19 की तीसरी लहर के तहत राजस्थान में पाबंदियां पुनः शुरू हुईं : जन अनुशासन कर्फ्यू की घोषणा–**
9 जनवरी, 2022 को राजस्थान सरकार गृह विभाग द्वारा कोरोना की तीसरी लहर के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए प्रदेश में पाबंदियों से संबंधित गाईडलाइन जारी की गई। इस गाईडलाइन में पाबंदियो के साथ ही शनिवार रात 11 बजे से सोमवार सुबह 5 बजे तक 'जन अनुशासन कर्फ्यू' भी लगाया गया है।

## News Paper of 11 January, 2022

- **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) में वन टाइम रस्ट्रेशन प्रणाली शुरू : यूनिक नंबर मिलेगा–**
10 जनवरी, 2022 को राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) ने वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रणाली शुरू की। इसके शुरू होने से राज्य में विभिन्न भर्तियों के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को RPSC के अलग-अलग भर्ती आवेदनों में बार-बार सूचनाएँ भरने की आवश्यकता नहीं होगी।
वन टाइम रजिस्ट्रेशन प्रणाली के तहत अभ्यर्थियों को एक यूनिक रजिस्ट्रेशन नंबर (आईडी) मिलेगा। इस नंबर से संबंधित भर्ती फॉर्म में अभ्यर्थियों की सारी सूचनाएँ स्वत: (ऑटोमेटिक) भर जाएंगी।
अभ्यर्थी वन टाइम रजिस्ट्रेशन SSO ID के रिक्रूटमेंट पोर्टल पर निर्धारित प्रक्रिया के बाद कर सकेंगे।
RPSC द्वारा वन टाइम रजिस्ट्रेशन के साथ ही वन टाइम वेरिफिकेशन सुविधा भी शुरू की जाएगी।
- **राजस्थान का ई-बिजनेस पोर्टल राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में टॉप-3 में शामिल–**
जनवरी, 2022 में हुए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में राजस्थान के ई-बिजनेस पोर्टल को टॉप-3 में शामिल किया गया है। इस ई-बिजनेस पोर्टल के तहत इसको राजस्थान सरकार के सभी विभागों और उनसे जुड़े बिजनेस स्टेक होल्डर्स के बीच टू-वे कम्यूनिकेशन के लिए तैयार किया गया है। ई-बिजनेस पोर्टल देश में पहला प्रयोग है। इस बिजनेस टू गवर्नमेंट पोर्टल को सरकार के साथ जुड़े व्यापार भागीदारों के लिए वन स्टॉप शॉप के रूप में कार्य करने के लिए बनाया गया है।
राजस्थान के ई-बिजनेस पेपर को हैदराबाद में आयोजित 24वें राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस सम्मेलन में तीसरे स्थान पर रखा गया।

## News Paper of 12 January, 2022

- **संविदा पर नियुक्ति के लिए राजस्थान सरकार ने नियम बनाए : ''राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल अपॉइंटमेंट टू सिविल रूल्स-2022'' की अधिसूचना जारी–**
जनवरी, 2022 में राजस्थान में विभिन्न परियोजनाओं, प्रोजेक्ट्स में समय पर संविदा विशेषज्ञ, विशेषज्ञों और कर्मचारियों को

संजीव प्रकाशन

रखने के लिए 'राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल अपॉइंटमेंट टू सिविल रूल्स-2022, की अधिसूचना जारी की गई।

संविदा नियुक्ति के सम्बन्ध में निम्नलिखित नियम बनाए गए–

- ♦ विभिन्न आरक्षित श्रेणियों के हिसाब से नियमानुसार छूट होगी।
- ♦ संविदा पर नियुक्ति परीक्षा, अन्य मापदंड और कार्मिक और वित्त विभाग के तय नियमों के अनुरूप होंगी।
- ♦ 1-6-2002 को या इसके पश्चात् दो संतान होने पर संविदा नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।
- ♦ संविदाकर्मी को एक वर्ष में 20 दिवस का अवकाश देय होगा।
- ♦ एक स्थान से दूसरे स्थान पर नहीं भेजा जाएगा।
- ♦ संविदा पर पहली नियुक्ति पांच वर्ष, दूसरी बार तीन वर्ष तक बढ़ाई जा सकेगी लेकिन 60 वर्ष की आयु के बाद सेवाएँ नहीं बढ़ाई जाएँगी।
- ♦ व्यक्तिगत सुनवाई का मौका दिया जाएगा।
- ♦ वेतन नियमानुसार वित्त व संबंधित प्रशासनिक विभाग तय करेगा।
- ♦ नई पेंशन स्कीम के तहत 50 प्रतिशत तक अंशदान काटा जाएगा, 1500 रुपए मेडिकल क्लेम।
- ♦ महिला संविदाकर्मी को 200 दिवस का मातृत्व अवकाश देय होगा।
- ♦ तीन माह के नोटिस पर संविदाकर्मी की सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

## News Paper of 15 January, 2022

- **अजमेर स्थित अकबर के किले में तोप दागने का प्लेटफार्म मिला–**

जनवरी, 2022 में अजमेर स्थित अकबरी किले-राजकीय संग्रहालय में तोप दागने का प्लेटफार्म मिला है। यह किले के जीर्णोद्धार कार्य के दौरान मिला है।

यह प्लेटफार्म चूने-मिट्टी-पत्थर से गोलाकार रूप में बुर्ज के एक कोने में बना हुआ है। इस प्लेटफार्म पर शहर और किले की सुरक्षा हेतु लोहे की भारी तोप रखी जाती थी।

अकबरी किले का निर्माण अकबर ने 15वीं शताब्दी में अजमेर के नया बाजार क्षेत्र में करवाया था।

## News Paper of 16 January, 2022

- **भारतीय सेना दिवस के अवसर पर जैसलमेर में दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा फहराया गया–**

15 जनवरी, 2022 को भारतीय सेना दिवस के अवसर पर जैसलमेर में खादी से बना दुनिया का सबसे बड़ा तिरंगा एक पहाड़ी पर फहराया गया। यह ध्वज 225 फीट लम्बा और 150 फीट चौड़ा है। इस ध्वज में अशोक चक्र का व्यास 30 फीट है। इस ध्वज में 4600 मीटर कपड़ा लगा है और ₹23 लाख का खर्च आया है। इसे 25 कारीगरों ने 12 हजार घंटे में तैयार किया। इस ध्वज का अनावरण 2 अक्टूबर को लेह में किया गया था। जैसलमेर पाँचवाँ स्थान है जहाँ इसे फहराया गया है, यह ध्वज यहाँ 26 जनवरी, 2022 तक देखने को मिलेगा।

## News Paper of 17 January, 2022

- **बूँदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व को राजस्थान के चौथे और देश के 52वें टाइगर रिजर्व की मंजूरी मिली–**

हाल ही में बूँदी के रामगढ़ टाइगर रिजर्व को केन्द्र सरकार से प्रदेश के चौथे और देश के 52वें टाइगर रिजर्व की मंजूरी मिली है। रामगढ़ राजस्थान का पहला ऐसा टाइगर रिजर्व है, जिसकी रणथम्भौर और मुकंदरा टाइगर रिजर्व से सीधी कनेक्टिविटी है।

रामगढ़ टाइगर रिजर्व से बूँदी में टूरिज्म को अधिक बढ़ावा मिलेगा। बूँदी में टूरिज्म को लेकर वर्तमान में रिच हैरिटेज, 27 प्रतिशत जंगल, खूबसूरत वेटलैंड, रॉक पेंटिंग्स से लेकर मानव सभ्यता के हर कालखंड के सबूत भी मौजूद हैं।

- **राजस्थान में महिलाओं ने कृषि आधारित 20 स्टार्टअप शुरू किए–**

राजस्थान में महिलाओं द्वारा कृषि आधारित स्टार्टअप शुरु किए जा रहे हैं जिनमें 20 स्टार्टअप शुरु किए जा चुके हैं। इन कृषि आधारित 20 स्टार्टअप में ऑर्गेनिक फॉर्मिंग के पाँच, डेयरी के दो और 13 कृषि आधारित अन्य क्षेत्रों के हैं।

## News Paper of 20 January, 2022

- **किसानों की आय बढ़ाने के लिए राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड के गठन को मंजूरी–**

19 जनवरी, 2022 को राजस्थान में कृषि विपणन तंत्र को मजबूत कर किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान स्टेट एग्रो इंडस्ट्रीज डवलपमेंट बोर्ड के गठन को मंजूरी दी गई। यह मंजूरी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में कैबिनेट की वर्चुअली बैठक में दी गई। यह बोर्ड किसानों की आय बढ़ाने के लिए ठोस नीति बनाने और प्रभावी क्रियान्वयन के सम्बन्ध में सुझाव देगा और किसानों को एग्रो-प्रोसेसिंग एवं मूल्य संवर्धन से जोड़ने के लिए रूपरेखा तैयार करेगा।

## News Paper of 24 January, 2022

- **जयपुर के सवाई मानसिंह ( SMS ) अस्पताल में ट्रॉली बैंक खुला : प्रदेश का पहला ट्रॉली बैंक बना–**

22 जनवरी, 2022 को जयपुर के सवाई मानसिंह (SMS) अस्पताल में ट्रॉली बैंक शुरू हो गया। इसके शुरु होने से मरीजों को अब व्हील चेयर व ट्रॉली के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। यह ट्रॉली बैंक राजस्थान का पहला ट्रॉली बैंक है।

## News Paper of 25 January, 2022

- **प्रो. डॉ. आनन्द भालेराव राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे कुलपति बने–**

24 जनवरी, 2022 को प्रो. डॉ. आनन्द भालेराव राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के नए कुलपति बने और कार्य ग्रहण किया। इन्हें आगामी पाँच वर्ष की अवधि के लिए राजस्थान केन्द्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे कुलपति के रूप में नियुक्त किया गया है।

- **भीलवाड़ा में सोने और तांबे के बड़े भंडार मिले : प्रदेश की पहली गोल्ड माइन लगेगी–**
  हाल ही में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में सोने और तांबे के वृहद् भंडार मिले हैं। यहाँ जमीन से 60 से 160 मीटर अंदर सोने एवं तांबे का वृहद् खजाना है। जिसमें कि 188 हेक्टेयर के नए ब्लॉक में खदान को मंजूरी दी गई है। इसमें 600 किलो सोना और 25 लाख टन कॉपर की मात्रा आंकी गई है।

## News Paper of 26 January, 2022

- **राजस्थान में बायोमास के 38 मेगावाट के प्रोजेक्ट लगाने की योजना–**
  राजस्थान में बायोमास नीति-2010 में जारी की गई थी। इसी के तहत राजस्थान में सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम के तहत बायोमास आधारित विद्युत परियोजनाओं का विकास किया जा रहा है। बायोमास नीति के तहत प्रस्तावित प्रोजेक्ट निम्न हैं–
  - मैसर्स वीजीए पावर प्राइवेट लिमिटेड (14.90 मेगावॉट)ग्राम धोद, सीकर।
  - मैसर्स टीएनए रिन्युएबल एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (14.90 मेगावॉट)ग्राम डूगराना, तहसील भादरा, हनुमानगढ़।
  - मैसर्स नैनो एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड (8 मेगावॉट) ग्राम शैतानसिंह, तहसील लोहावट, जोधपुर।

  इनको प्रोजेक्ट स्थापित करने के लिए 36 माह का समय दिया गया है। इन प्रोजेक्ट से बनने वाली बिजली राजस्थान ऊर्जा विकास निगम द्वारा क्रय की जाएगी। बायोमास विद्युत परियोजना में सरसों की भूसी, कचरा एवं कृषि अवशेषों को काम में लिया जाता है।

## News Paper of 28 January, 2022

- **राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में संविधान पार्क का शिलान्यास किया–**
  26 जनवरी, 2022 को राज्यपाल कलराज मिश्र ने राजभवन में संविधान पार्क का शिलान्यास किया। यह पार्क जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) द्वारा बनवाया जा रहा है। इस पार्क में महात्मा गाँधी की उस प्रतिमा को विशेष आकर्षण के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा जिसने आजादी के आन्दोलन में चरखे के जरिए स्वदेशी के आदर्श को जीवन्त किया था।
  इसके साथ ही राजभवन में अन्य कार्यों के शिलान्यास भी किए –
  - महाराणा प्रताप व उनके घोड़े चेतक की मूर्ति प्रदर्शित की जाएगी
  - स्वामी विवेकानन्द की मूर्ति भी लगाई जाएगी।
  - 42 शिल्प संविधान पार्क में प्रदर्शित किए जाएँगे।

  संविधान के 22 भागों के बारे में भी इसमें जानकारी दी जाएगी।

## News Paper of 30 January, 2022

- **राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा हुआ–**
  राजस्थान लोक सेवा आयोग (RPSC) के कार्यवाहक अध्यक्ष शिव सिंह राठौड़ का कार्यकाल 29 जनवरी, 2022 को पूर्ण हुआ। शिव सिंह राठौड़ 30 जनवरी, 2016 को बतौर सदस्य के रूप में RPSC में नियुक्त किए गए थे। उन्हें 2 दिसम्बर, 2021 को RPSC का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया।

## News Paper of 31 January, 2022

- **उषा शर्मा को राजस्थान का मुख्य सचिव बनाया–**
  उषा शर्मा को राजस्थान की नई मुख्य सचिव बनाया गया है। उषा शर्मा 1985 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की अधिकारी हैं। उषा शर्मा ने 31जनवरी, 2022 को पदभार संभाला है। उषा शर्मा राजस्थान की दूसरी महिला मुख्य सचिव बनी हैं। राजस्थान की पहली महिला मुख्य सचिव कुशल सिंह रह चुकी हैं।
  उषा शर्मा मुख्य सचिव की नियुक्ति मुख्यमंत्री द्वारा की गई है। मुख्य सचिव राज्य के प्रशासन का प्रशासनिक मुखिया होता है।
  राजस्थान के प्रथम मुख्य सचिव के. राधाकृष्णन रहे।

संजीव प्रकाशन